भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तराखण्ड
भोपालपानी देहरादून।

दिनांक 07 दिसम्बर, 2024

संख्याः 5629 / उ0ख0(ईनि0)–V / भू0खनि0नि0 / 2024–25

कार्यालय ज्ञाप

शासन के पत्र संख्या 2323 / VII-A-1 / 2024–02(15) / 2024, दिनांक 06 दिसम्बर, 2024 के द्वारा शासन के पत्र संख्या 750, दिनांक 21.10.2024 द्वारा जनपद पौडी गढवाल की तहसील यमकेश्वर के ग्राम बैरागढ़–पट्टी, उदयपुर तल्ला एवं तहसील कोटद्वार के ग्राम भेल्डा बडा (डाडामण्डी) उपखनिज क्षेत्रों के निरस्त किये गये आशय पत्रों के सम्बन्ध में आशय पत्र धारकों द्वारा दिनांक 29.11.2024 को पुर्नविचार हेतु शासन स्तर पर प्रस्तुत अनुरोध पत्रों के क्रम में प्रकरण में पुनः परीक्षण की कार्यवाही शासन स्तर पर गतिमान होने तथा उक्त खनन क्षेत्रों की ई–निविदा सह ई–नीलामी हेतु भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय द्वारा दिनांक 16.11.2024 को निर्गत ई–निविदा की कार्यवाही को सम्बन्धित के प्रत्यावेदनों पर शासन द्वारा लिये जाने वाले अन्तिम निर्णय तक स्थगित रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया है। निदेशालय के पत्र संख्या 5088 / उ0ख0(ईनि)–V / भू0खनि0नि0 / 2024–25, दिनांक 16.11.2024 के द्वारा जनपद पौडी गढवाल के 07 उपखनिज लॉटों निविदा आमंत्रित की गयी है, जिसकी तकनीकी निविदा दिनांक 11.12.2024 (बुधवार) को खोली जानी प्रस्तावित है।

अतः शासन के पत्र संख्या 2323 / VII-A-1 / 2024–02(15) / 2024, दिनांक 06 दिसम्बर, 2024 में दिये गये निर्देशों के क्रम में निदेशालय के पत्र संख्या 5088 / उ0ख0(ईनि)–V / भू0खनि0नि0 / 2024–25, दिनांक 16.11.2024 के द्वारा आमंत्रित ई–निविदा में से जनपद पौडी गढवाल की तहसील यमकेश्वर के ग्राम बैरागढ़–पट्टी, उदयपुर तल्ला–2, हैवल नदी के क्षेत्रान्तर्गत 1.274 है0 एवं तहसील कोटद्वार के ग्राम भेल्डाबडा (डाडामण्डी), खोह नदी के क्षेत्रान्तर्गत 1.50 है0 उपखनिज क्षेत्र की निविदा की कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

07/12/2024

(दिनेश कुमार)
संयुक्त निदेशक
कृते निदेशक

संख्याः / उ0ख0(ईनि0)–V / भू0खनि0नि0 / 2024–25 तददिनांक।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषितः–

1. मुख्य स्थायी अधिवक्ता, मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल।
2. सचिव, खनन, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. प्रभारी अधिकारी, आई0टी0 सेल, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून को राज्य सरकार की वेबसाईट www.uktenders.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(दिनेश कुमार)
संयुक्त निदेशक
कृते निदेशक